तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4




सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण


## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में खराब आरओ, मरीज परेशान



**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में भर्ती मरीजों और उनके परिजन को शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगाए गए आरओ लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल परिसर में मरीजों एवं परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लाखों रुपये खर्च कर आरओ लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान में कई आरओ बंद पड़े हैं। इसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को बाहर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए पेयजल सबसे जरूरी सुविधा है, लेकिन खराब पड़े आरओ को सुधारने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

### नैनो उर्वरकों से बदलेगी खेती की तस्वीर

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ नैनो उर्वरकों जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव अब किसानों की खेती में दिखाई देने लगा है। कोरिया जिले के ग्राम मनसुख निवासी किसान छत्रपाल साय भी आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। लगभग 17 एकड़ भूमि में धान की खेती करने वाले छत्रपाल साय ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में इस वर्ष अपनी फसल में नैनो यूरिया के उपयोग का निर्णय लिया है। उन्होंने सहकारी समिति से आवश्यक खाद एवं नैनो उर्वरक प्राप्त किए हैं और बेहतर उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं। छत्रपाल साय का मानना है कि नैनो उर्वरक खेती को अधिक वैज्ञानिक, किफायती और प्रभावी बनाते हैं। उनके अनुसार नैनो यूरिया फसलों को आवश्यक पोषक तत्वों की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करता है, जिससे पौधों की वृद्धि और विकास में सुधार होता है।

### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर श्री क्षितिज वर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अनुपम तिवारी, लीड बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की बैंकिंग व्यवस्था, ऋण-जमा अनुपात, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) की उपलब्धियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए ऋण वितरण में गति लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य तभी पूर्ण होगा जब उनका लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋण संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

### फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

# नौगई जघन्य हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 12 पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में कोरिया पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

- हत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी

विदित हो कि 16 जून की रात सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस दौरान भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों ने फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिसमें वाहन सवार लोग बुरी तरह झुलस गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इससे पहले चार आरोपियों अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी सहित निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी और आशुतोष त्रिपाठी ने मनेन्द्रगढ़ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद 23 जून को अब तीन अन्य आरोपियों अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर घटना की पूरी पृष्ठभूमि, साजिश और अन्य जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।


नौगई हत्याकांड के फरार 4 आरोपियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### 9 आरोपियों पर दर्ज हुआ था मामला

सोनहत पुलिस ने इस मामले में शुरुआत में कुल 9 नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 109, 190, 191(2), 191(3), 324 और 326(जी) के तहत अपराध दर्ज किया था। जांच के दौरान अन्य आरोपियों के नाम सामने आने पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रदेश में चर्चा का विषय बना हत्याकांड

नौगई में हुआ यह घटनाक्रम जिले के सबसे जघन्य मामलों में शामिल हो गया है। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी आक्रोश जताया रहे हैं। अब पुलिस की आगे की विवेचना और आरोपियों से पूछताछ पर सभी की नजरें लगातार टिकी हुई हैं।

### पूर्व सीएम आज बैकुंठपुर में मिलेंगे पीड़ित परिवार से



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 24 जून को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नौगई कांड में मृतक स्व. भरत सिंह के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को कार से बिलासपुर से रवाना होकर दोपहर करीब 1:30 बजे बैकुण्ठपुर पहुंचेंगे। यहां वे महलपारा स्थित स्व. भरत सिंह के निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 1:45 बजे बैकुण्ठपुर से रवाना होकर दोपहर 2 बजे ग्राम खरवत पहुंचेंगे, जहां जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश राजवाड़े के निवास पर मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे अमरकंटक के लिए रवाना होंगे।

# बाजार भूमि पर अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के चिरमी इलाके के खंधौरा बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को यहां के ग्रामीणों ने कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार स्थल पर अवैध कब्जे बढ़ने से व्यापारियों सहित छोटे-बड़े किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम खंधौरा निवासी चोलेश्वर, शंकर सिंह, अयोध्या सिंह, बैजनाथ सिंह, हाकिम चंद्र सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम खंधौरा की बाजार भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे बाजार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बाजार भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर कोई गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### 3 बार दे चुके हैं आवेदन

ग्रामीणों ने बताया कि बाजार स्थल पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर पहले भी तीन बार कलेक्टर के नाम आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाएं भी कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और जल्द कार्रवाई की मांग की।



# अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

जिले के बिजुरी पुलिस ने चोरी एवं लूट की वारदातों में संलिप्त एक अंतर्राज्यीय शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई रकम का अधिकांश हिस्सा तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के 15 से अधिक मामले दर्ज बताए गए हैं।

- चोरी की रकम और वाहन बरामद

जानकारी के अनुसार 31 मई को कोठी निवासी रामबहोर साहू ने थाना बिजुरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 मई को बिजुरी अस्पताल के पास खड़ी उनकी मोटरसाइकिल की डिग्गी से अज्ञात व्यक्ति 50 हजार रुपए नकद एवं आवश्यक दस्तावेज चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान संदेही की पहचान ओमप्रकाश सिसोदिया उर्फ बच्चा कंजर निवासी भोलगढ़, अनूपपुर के रूप में हुई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश देती रही। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 22 जून को आरोपी को शहडोल जिले के खमरौत चाका क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बिजुरी थाना क्षेत्र की उक्त चोरी के अलावा रामनगर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई राशि में से 47 हजार 500 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध सतना, रीवा, सिंगरौली सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों तथा छत्तीसगढ़ राज्य में अनेक गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह, उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रजापति, आरक्षक लक्ष्मण दांगी, मनोज उपाध्याय, रवि सिंह, रामनिवास गुर्जर, विश्वजीत मिश्रा एवं करमजीत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### एमसीबी में नए वृद्धाश्रम का होगा संचालन

**मनेन्द्रगढ।** माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रमों की स्थापना एवं संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निदेर्शानुसार जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में वरिष्ठ एवं निराश्रित नागरिकों के लिए 25 हितग्राहियों की क्षमता वाले एक नवीन वृद्धाश्रम की स्थापना हेतु राज्य अनुदान वर्ष 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक अशासकीय संस्था के माध्यम से किया जाएगा।

# जज बंगले में चोरी के आरोपी पकड़े गए

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित सिविल लाइन आवासीय परिसर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोबाइल, घड़ी और आईपेड सहित करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का सामान बरामद किया है। मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते 4 जून को न्यायाधीश श्रीमती प्रेरणा अहिरे के आवास से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल, आईपेड, घड़ी सहित अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। चोरी गए सामान में सोने और हीरे का ब्रेसलेट, सोने के झुमके, टॉप्स, अंगूठियां, चांदी के आभूषण, चार मोबाइल फोन, आईपेड, घड़ियां एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी शामिल थी। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 9 लाख 7 हजार रुपये बताई गई थी। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 177/26 के तहत धारा 331(4), 305(ए), 62, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे के निर्देशन एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। घटनास्थल से मिले सफेद रंग के जैकेट को भी महत्वपूर्ण सुराग के रूप में जब्त किया गया। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सूरजपुर जिले निवासी तीन नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने नाबालिगों के पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल, नारजो कंपनी का मोबाइल, दो घड़ियां और एक आईपेड टैबलेट सहित करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का सामान बरामद किया है। तीनों किशोरों को 18 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं प्रकरण के दो आरोपी ऋषभ उर्फ रिशु यादव और आयुष रजक फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेश तिवारी, उप निरीक्षक महेश कुशवाहा, आरक्षक समीर जायसवाल, दिनेश उईके सहित साइबर सेल बैकुण्ठपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




- एसपी कार्यालय के सामने सिविल लाइन आवासीय परिसर में हुई थी चोरी

# तीन साल में पहली बार कल लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र संबंधी सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जून गुरुवार को ग्राम पंचायत पोंड़ी स्थित सर्व आ दि वा सी भवन में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे

शिविर में 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के नवीन एवं नवीनीकरण दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे। संभवतः यह शिविर 3 साल में पहली बार लगेगा। इसके लिए कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने पहल करते हुए निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शिविर तहसील पोंड़ी-बचरा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोजित किया जा रहा है। शिविर को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सहमति प्रदान की गई। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य प्रातः 10 बजे से उपस्थित रहेंगे तथा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र जारी की जाएगी।

### इन जगहों पर भी शिविर की जरूरत

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र सोनहत, रामगढ़, पटना बचरा पोड़ी जैसे दूरस्थ अंचल में इस तरह की शिविर लगाने की जरूरत है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव जिस तरह से 'बेस लाइन' को मजबूत करने पर भरोसा कर रही है ऐसे में बैकुंठपुर व पटना तहसील में लंबित राजस्व के मामलों में भी 'स्पेशल शिविर' लगाने की जरूरत है, ताकि सीएम हेल्पलाइन और जनदर्शन में शिकायत कम हो सके।

### चिकित्सकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत

जिले में लगने वाले दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र संबंधी सुविधा शिविर में चिकित्सकों की टीम को विशेष ध्यान देना होगा ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी वाले प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके, क्योंकि प्रदेश में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त होने की शिकायत आए दिन मिल रही है, ऐसे में डॉक्टरों की जिम्मेदारी है कि वे नियम के अनुसार ही सर्टिफिकेट बनाएं साथ ही जरूरत व पात्र हितग्राहियों का चयन संवेदनशीलता के साथ करें।

# एक पेड़ मां के नाम 2500 पौधे रोपे गए



**मनेन्द्रगढ।** जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत महई में जिला स्तरीय एक पेड़ मां के नाम एवं मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत वृहद पौधरोपण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश दिया गया।

- पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का दिया गया संदेश

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह श्याम, जिला पंचायत सदस्य उदित नारायण, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, बीडीसी भैया राम, सरपंच बाबू राम, कलेक्टर सुश्री संतान देवी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, एपीओ मो. आरिफ रजा, राज नारायण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 5 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा औषधीय एवं फलदार पौधों का हरित परिसर अभियान के तहत लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में 2500 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें आंवला, हर्रा, बहेरा, जामुन, बेल, अमलतास, करंज, अर्जुन तथा शतावर जैसे औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे शामिल हैं। इन पौधों से भविष्य में न केवल हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि आयुष चिकित्सा पद्धति एवं स्थानीय स्वास्थ्य परंपराओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। पौधरोपण अभियान में लगभग 350 श्रमिकों तथा आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। रिचार्ज ट्रेंच और कुंडों से होगा 30 लाख लीटर भूजल संवर्धन मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को प्राथमिकता दी गई है। पौधरोपण स्थल पर 400 कंटूर ट्रेंच एवं वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण किया गया है। प्रत्येक ट्रेंच से लगभग 500 लीटर भूजल रिचार्ज होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त रिचार्ज ट्रेंच एवं रिचार्ज कुंडों के माध्यम से वर्षा ऋतु के दौरान लगभग 30 लाख लीटर भूजल रिचार्ज होने की संभावना व्यक्त की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पहल क्षेत्र के भूजल स्तर को सुधारने, वर्षा जल के संरक्षण और भविष्य में जल संकट की संभावनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### स्वाद के शौकीनों में बढ़ी मांग, आवक बढ़ने से कीमतों में आएगी कमी

# बरसात के साथ जंगलों में निकला पुटू, कीमत एक हजार रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात की शुरूआत के साथ ही कोरिया जिले के जंगलों में मिलने वाले जंगली पुटू की आवक शुरू हो गई है। शुरूआती दौर में आवक कम होने के कारण इसके भाव काफी तेज हैं, लेकिन आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ कीमतों में कमी आने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार शुरूआती दिनों में जंगली पुटू शहर के बाजार में करीब 1200 रुपये किलो तक बिका, वहीं मंगलवार को आवक बढ़ने के बाद इसकी कीमत करीब 800 रुपये किलो तक पहुंच गई। अब वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण पुटू लेकर बैकुण्ठपुर बाजार पहुंचने लगे हैं। कोरिया जिले के सोनहत वनांचल क्षेत्र में बरसात शुरू होते ही जंगलों में जंगली पुटू निकलना शुरू हो जाता है। ग्रामीण जंगलों में जाकर पुटू तलाशते हैं और बाजार में लाकर बिक्री करते हैं। पिछले करीब एक सप्ताह से जिला मुख्यालय में इसकी आवक शुरू हुई है। शहर के कुमार चौक और पशु चिकित्सालय के सामने ग्रामीण व व्यापारी 1000-900 रुपए किलो पुटू बेचते नजर आ रहे हैं। हालांकि वर्तमान में भाव अधिक होने के कारण आम लोगों की पहुंच सीमित है।



बिक्री के लिए आए ग्रामीण।

### सीजन की सब्जी

बरसात के मौसम में निकलने वाला जंगली पुटू अपने अलग स्वाद के कारण लोगों की पसंद बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार इसका स्वाद खास होता है और सीजन शुरू होते ही लोग इसे खरीदने के लिए उत्सुक रहते हैं।

### बिचौलियों के कारण बढ़े दाम

ग्रामीणों का आरोप है कि बाजार में बिचौलियों की सक्रियता के कारण जंगली पुटू के दाम बढ़ रहे हैं। सोनहत क्षेत्र के ग्रामीण श्याम बिहारी ने बताया कि वे वन क्षेत्र से पुटू खरीदकर बैकुण्ठपुर लाते हैं, लेकिन बिचौलियों के कारण सीधे बिक्री करने में परेशानी होती है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत कटकोना में हुआ भव्य ददरिया कार्यक्रम

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत कटकोना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रणविजय सिंह देव के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद सदस्य श्रीमती नीतू धर्मेन्द्र झारिया के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से लगभग 45 टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी टीम के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे है। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना ही अपने आप में उपलब्धि है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने कहा कि अपनी लोक संस्कृति को बचना बहुत जरूरी है और अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए ऐसी आयोजन बहुत जरूरी है। वर्तमान में लोक संस्कृति धीरे-धीरे गायब होती नजर आ रही है, आगे भी ऐसे आयोजन कराने के लिए कहा। कार्यक्रम को धर्मेन्द्र झारिया, सागर दास, बाज राय ने भी सम्बोधित किये और कार्यक्रम का संचालन काशिम सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सुखदेव चौधरी, रामचरण पैकरा, छत्रु मरकाम, सहादन पैकरा, धनेश्वरी मरकाम, सुनीता पैकरा, चंद्रावती टेकाम, चांदमनी पैकरा, मानिकचंद, धर्मजीत राजवाड़े, राम सिंह, लबदु राम, संधू राम, आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

### अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि पर शिवपुर में किया गया पौधरोपण



**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत शिवपुर में रामानुजनगर के प्रथम जनपद अध्यक्ष स्व. अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी स्मृति में पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लगभग 51 फलदार एवं औषधि पौधे लगाए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने स्व. अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे इस क्षेत्र के बेहद सामाजिक व जनप्रिय नेता थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक दूरगामी योजनाएं बनाईं। ग्रामीण विकास, शिक्षा के विस्तार, जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी याद किए जाते है। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान अजेंद्र नाथ दुबे, सुरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण दुबे, रामेश्वर शुक्ला, सत्य प्रकाश पाठक, महामाया उपाध्याय, गजेंद्र उपाध्याय, आशुतोष दुबे, डॉ.विकास दुबे, हिमांशु उपाध्याय, मोहन, नंदलाल, फुल्केश्वर, मोती, दीनानाथ, प्रेमसाय, आशीष, पंकज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोरंधा पंचायत में आवास एवं मनरेगा घोटाले की जांच शुरू



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत कोरंधा में प्रधानमंत्री आवास योजना और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कथित अनियमितताओं वा कमीशनखोरी को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर श्रीमती रैना जमील ने पूरे प्रकरण का तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदन में ग्राम पंचायत कोरंधा के रोजगार सहायक द्वारिका गुप्ता पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कथित रूप से 10 हजार रुपये की वसूली, मनरेगा में फर्जी हाजिरी भरकर भुगतान कराने, पात्र मजदूरों को काम और मजदूरी से वंचित रखने, कार्यों में अनियमितता बरतने तथा अपने परिजन के नाम पर संदिग्ध उपस्थिति दर्ज कर सरकारी राशि के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल जनपद पंचायत प्रतापपुर की जांच टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए। गठित टीम में एसडीओ संदीप कुमार रवि, पीओ निर्मल श्याम, उप अभियंता बृजेश कुमार, नरेश एवं संबंधित पंचायत के अधिकारी शामिल रहे। जांच टीम ग्राम पंचायत कोरंधा पहुंची जहां शिकायतकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों के समक्ष अपने आरोपों को विस्तार से रखा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में जांच टीम ने कहा कि शिकायत के आधार पर बयान दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई हेतु जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। मामले का निष्पक्ष जांच किया गया है जहां ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा करेंगे।

# इंतजार होगा खत्म, 2-3 दिन में मानसून के दस्तक देने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब मानसून का इंतजार खत्म होने को है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सुकमा के रास्ते छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। मानसून के तेज गति से अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं तथा मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों में मानसून के सरगुजा संभाग में दस्तक देने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- तेज रफ्तार की आंधी चलने की चेतावनी

केरल तट पर मानसून के चार दिन विलम्ब से दस्तक देने के बाद क्षेत्र के किसान मध्य जून से ही मानसून के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। इधर केरल तट पर दस्तक देने के बाद सात दिनों तक बिना हलचल स्थिर रहा। बताया जा रहा है कि मानसून को गति देने के लिए किसी सिस्टम के प्रभावी नहीं होने के कारण मानसून रविवार तक स्थिर रहा। इस दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होते ही मानसून को गति मिली तथा मानसून ने दक्षिण छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञानी मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने एवं मानसून के आगामी 48 घंटों में छत्तीसगढ़, बिहार एवं झारखण्ड में आगे बढ़ने एवं महाराष्ट्र, तेलंगाना एवं ओड़िसा के बाकी हिस्सों में पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सबकुछ अनुकूल रहा तो मानसून की तरंगों के आगामी दो-तीन दिन के भीतर सरगुजा में दस्तक देने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में समुद्रतल पर राजस्थान से बिहार तक मौसमी ट्रफ, तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक एवं उत्तरी गुजरात से पश्चिम पंजाब तक ट्रफ विस्तारित है वहीं मध्य आसाम, उत्तर पश्चिम पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सकिय है जिससे मानसून को गति मिल रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## पूरे दिन छाए रहे बादल

सोमवार को आसमान पर सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इस दौरान सुबह कुछ देर तक तेज हवाएं भी चली। शहर से सटे ग्राम कंठी सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा होने की सूचना है। झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी वर्षा होने की सूचना है। मौसम विज्ञानी मानसून की दस्तक के पूर्व तेज रफ्तार हवाओं के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### मक्का के लिए मौसम अनुकूल

पिछले साल लगातार बारिश होने के कारण मक्का की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा था तथा अधिकांश फसल खराब हो गई थी। इस बार प्री-मानसून की बारिश के बाद मक्का की बोनी के लिए मौसम अनुकूल हो गया है। पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मक्के की खेती होती है। किसान पिछले एक सप्ताह से मक्के की बोनी कर रहे हैं। शुरूआती बारिश के बाद किसानों ने धान का बीड़ा लगाना भी प्रारंभ कर दिया है। हालांकि कृषि वैज्ञानिक प्री-मानसून की बारिश को अपर्याप्त बता धान लगाने के लिए अभी इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। इस संबंध में कृषि वैज्ञानिक डॉ.प्रदीप कुमार भगत ने बताया कि मक्के की बोनी के लिए मौसम अनुकूल है। इस मौसम में मक्का बीजों में तेजी से अंकुरण होगा।

### परिस्थितियां अनुकूल

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हैं तथा आगामी 48 घंटे में मानसून के छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार में आगे बढ़ने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

## बांकी बांध की पक्की नहर पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध कब्जा

# 10 किमी लम्बी नहर पर बढ़ा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- नहर की भूमि पर लोगों ने बना लिए मकान, गंदगी जमा होने के कारण दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल
- बांकी नहर हुई अनुयोगी

खेतों की सिंचाई के लिए बांकी बांध से शहर के विभिन्न वार्डों से गुजरने वाली सीसी नहर पर लोग बेखौफ होकर अतिक्रमण कर रहे हैं। पक्की नहर पर लोगों ने जगह-जगह कब्जा जमा लिया है तथा कहीं घर बना लिया है तो कहीं नहानी घर तो कहीं शौचालय। नहर का उपयोग बंद होने के बाद नहर की भूमि पर कब्जा कर लोग लगातार निर्माण कर रहे हैं।

शासन द्वारा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से महत्वकांक्षी बांकी जलाशय का निर्माण वर्ष 1989 के पूर्व कराया गया था। इस दौरान ग्राम खैरबार से लेकर शहर के महामायापारा, नवागढ़, श्रीगढ़, बधिया चुंआ सहित आसपास क्षेत्रों मं बड़े पैमाने पर खेती होती थी। इन खेतों की सिंचाई के लिए विभाग द्वारा बांकी बांध से बधिया चुंआ तक करोड़ों की लागत से पक्की नहर का निर्माण किया गया था। नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए नियमित पानी की आपूर्ति होने के कारण इस इलाके के किसान अच्छी खेती करते थे। धीरे-धीरे शहर से सटे खेती वाले इलाके में आबादी विकसित होने लगी तथा वर्तमान में यह क्षेत्र शहर के घनी आबादी वाला हिस्सा बन गया है। नहर के दोनों ओर पक्के घर बन गए हैं। ऐसे में नहर कचरा दान बन गई है। नहर का उपयोग गंदे पानी के निकास एवं घरों का कचरा डालने के लिए लम्बे समय से किया जा रहा है। इधर जमीन की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि होने एवं नहर का उपयोग बंद होने के बाद लोग नहर पर अवैध निर्माण कर भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। नहर वाले क्षेत्र में सिंचाई के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है वहीं बांध में भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोग नहर की भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं। पिछले दो दशक से नहर आसपास के लोग नहर में कचरा फेंक रहे हैं जिसके कारण नहर जगह-जगह जाम हो गई है तथा चारों तरफ गंदगी एवं दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। बीच-बीच में विभाग ने नहर की सफाई भी कराई लेकिन पूरी नहर की सफाई करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। नहर में जमा कचरे की दुर्गंध से आसपास के लोग परशान हैं तथा जनदर्शन में लगातार शिकायतें कर रहे हैं।





बांकी नहर की भूमि पर बने अवैध मकान।

## पानी का उपयोग पेयजल में

बांकी जलाशय की जल भराव क्षमता 17 मिलियन क्यूबिक मीटर है। विभाग वर्षों से तकिया फिल्टर प्लांट के माध्यम से पेयजल के लिए ननि को 7 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का आपूर्ति कर रहा है। कुछ महीने पूर्व ही विभाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से खैरबार समूह जलप्रदाय योजना के माध्यम से 8 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी आपूर्ति करने का समझौता किया है। ऐसे में बांध में सिंचाई योग्य पानी नहीं बचेगा। शेष बचे 2 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी में से भारी मात्रा में पानी वाष्पित हो जाता है। आपात स्थिति के लिए भी बांध में पानी रखना आवश्यक है। पीएचई द्वारा दिसम्बर तक खैरबार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण पूरा करने के साथ पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के प्रारंभ होने के बाद बांध में सिंचाई के लिए पानी नहीं बचेगा न ही अब नहर का उपयोग ही संभव है। विभाग नहर को ननि सहित संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंपने की योजना बना रहा है।

### ननि के लिए साबित हो सकता है उपयोगी

शहर से गुजरने वाली पक्की नहर ननि के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है। शहर में पानी निकासी की समस्या विकराल बनते जा रहा है। ननि द्वारा इसके लिए सिवरेज का निर्माण किया जा रहा है। पक्की नहर से सटी जगह का उपयोग आवागमन के लिए सड़क के रूप में साथ ही नहर का उपयोग जल निकासी के लिए किया जा सकता है। खरसिया रोड में बरसात के दौरान हर साल जल जमाव की समस्या होती है। नहर का उपयोग कर इस बड़ी समस्या का निराकरण आसानी से किया जा सकता है।

### दी गई है नोटिस

नहर की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वाले 25 लोगों को विभाग द्वारा नोटिस जारी की गई है। अंतिम नोटिस जारी करने उपरांत राजस्व विभाग के सहयोग से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण पूरा होने के बाद बांध में सिंचाई के लिए पानी नहीं बचेगा। नहर के उपयोग के संबंध में शासन से पत्रचार किया जएगा। नहर की सफाई भी कराई जा रही है।

एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



# बॉक्साइट खदानों की जन सुनवाई रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन के लिए विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत चार बॉक्साइट खदानों की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा मंगलवार से तहसील कार्यालय परिसर में जनसुनवाई प्रस्तावित है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई रोकने की मांग की है।

- तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सीएमडीसी को चार खदानों में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। नर्मदापुर-कुनिया बॉक्साइट खदान 139.500 हेक्टेयर में प्रस्तावित है तथा इसकी जनसुनवाई मंगलवार को निर्धारित की गई है। इसी तरह 79.190 हेक्टेयर में प्रस्तावित पथरई-लुरैना बॉक्साइट खदान की सुनवाई 24 जून, 147.625 हेक्टेयर में प्रस्तावित बॉक्साइट खदान की जनसुनवाई 1 जुलाई एवं 207.870 हेक्टेयर में प्रस्तावित सरभंजा बॉक्साइट खदान की सुनवाई 2 जुलाई को निर्धारित है। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है दूसरी तरफ ग्रामीणों ने बॉक्साइट खनन से क्षेत्र के पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई रोकने की मांग की है। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नियमानुसार जनसुनवाई के 30 दिन पूर्व समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित किया जाना चाहिए साथ ही प्रभावित 46 ग्राम पंचायतों को राज्य आंकलन प्राधिकरण कार्य को वितरित किया जाना आवश्यक है जिसका पालन नहीं किया गया है। प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए प्रभावित ग्राम पंचायतों की ग्राम सभा से सहमति भी नहीं ली गई है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है।

## साहित्यकारों का जत्था सोमनाथ सांस्कृतिक यात्रा पर रवाना



**अम्बिकापुर।** सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा अंतर्गत सरगुजा संभाग के साहित्यकारों, कलाकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं का जत्था सोमवार को विशेष ट्रेन से सोमनाथ के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर निर्माण के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करना है।

सोमवार को सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। इस विशेष यात्रा में छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियों के जल कलश तथा प्रदेश के विभिन्न स्थलों से लाई गई पवित्र मिट्टी को साथ लेकर प्रस्थान किया गया है। सोमनाथ पहुंचने पर इन कलशों के जल एवं मिट्टी से विशेष पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। यात्रा में सरगुजा जिले से कुल 87 नागरिक, कलाकार, साहित्यकार तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्ति शामिल है। सोमनाथ दर्शन के अतिरिक्त यात्री गुजरात की सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता, लोक परंपराओं और साहित्यिक गतिविधियों का आदान-प्रदान करेंगे। सरगुजा से यात्रा में शामिल साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक कर्मियों में राजेश तिवारी, रंजीत सारथी, सुरेंद्र साहू, डॉ.अंचल कुमार सिन्हा, रानू साहू, सुधीर पाठक, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर तथा राजेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल है।

# खाद विक्रेताओं की बैठक, निर्धारित दर पर खाद विक्रय एवं अवैध बिक्री पर सख्ती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़



किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी एवं अवैध बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने सभी खाद विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद का विक्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान में उपलब्ध खाद का स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें, जिससे किसानों को वास्तविक जानकारी मिल सके और किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने या स्टॉक छिपाने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गांवों एवं अन्य क्षेत्रों में बिना लाइसेंस अथवा अवैध रूप से खाद बेचने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनधिकृत विक्रय पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह ने खाद उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने पर जोर देते हुए सभी विक्रेताओं से शासन के निर्देशों का पूर्ण पालन करने की बात कही। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे तत्काल प्रशासन एवं कृषि विभाग को सूचना दें, ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। प्रशासन ने किसानों के हितों की रक्षा एवं खाद की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखने का भरोसा दिलाया।

तहसीलदार दानिश परवेज, थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह एवं कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह सहित क्षेत्र के सभी खाद विक्रेता उपस्थित रहे।

### बाइक-स्कूटी में भिड़ंत, एक युवक की मौत दो की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** अजिरमा गोंडवाना भवन के समीप बाइक व स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। अजिरमा निवासी रोहन बर्मन आ. स्व. राजू बर्मन (20 वर्ष) रविवार की शाम लगभग 7.30 बजे विषकरण के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार अजिरमा गोंडवाना भवन के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीपी 3376 से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत बाइक सवार रोहन बर्मन को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार युवक को रायपुर रेफर कर दिया वहीं घायल विषकरण का उपचार जारी है।

## छोड़ने के नाम पर मांगे दस-दस हजार, वीडियो बनाकर लगाई मदद की गुहार

# प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र से प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया और मदद की गुहार लगाने के साथ ही विधायक से सम्पर्क किया। इधर विधायक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों को सकुशल वापस लाने की पहल की और बच्चियों को छुड़ाने के बाद सरगुजा के लिए रवाना कर दिया गया गया है।

बता दें कि सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल से भोले भाले ग्रामीणों को बेहतर काम के नाम पर दूसरे राज्यों में ले जाकर बंधक बनाए जाने के मामले समय समय पर सामने आते रहते है। काम का झांसा देकर युवक युवतियों को बाहर ले जाया जाता है और उनसे जबरन काम कराने के साथ ही वापस घर नहीं जाने दिया जाता। ऐसा ही एक मामला फिर से सरगुजा में सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर



मदद की गुहार लगाई है। वीडियो बनाने वाली तीनों युवतियां सीतापुर क्षेत्र के ग्राम भरतपुर बेलजोरा बिनई की रहने वाली है। युवतियों का कहना है कि उन्होंने तीन महीने तक जशपुर में सिलाई की ट्रेनिंग ली थी और ट्रेनिंग के बाद उन्हें बोला गया कि प्लेसमेंट में चेन्नई में उन्हें बेहतर काम मिलेगा। रोजगार की लालसा में युवतियां चेन्नई के कांचीपुरम क्षेत्र में गई थी और काम कर रही थी लेकिन जब उन्होंने तबीयत खराब होने पर वापस घर जाने की बात की तो उनके रोका जा रहा है। ऐसे में उन्होंने चेन्नई भेजने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन वे भी युवतियों का फोन नहीं उठा रहे है। इतना ही नहीं वापस जाने के नाम पर उनसे उल्टा दस दस हजार रूपए की मांग की जा रही है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई और विधायक राम कुमार टोप्पो से भी संपर्क किया। सूचना के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया और युवतियों को सोमवार की दोपहर 12 बजे तक बरामद कराया गया। इसके साथ ही उन्हें सरगुजा के लिए रवाना किया गया जिसके बाद युवतियों के परिजन ने भी राहत की सांस ली है।

### सकुशल किया गया बरामद

तीन बच्चों ने फोन के माध्यम से बंधक बनाए जाने की सूचना दी थी। सभी को सकुशल निकाल लिया गया है और जल्द ही वे अपने घर वापस आ जाएंगी। युवा जागरूक रहे, किसी के साथ ही कोई घटना हो सकती है इसलिए मदद हेतु उनके पास सम्पर्क नंबर होना चाहिए।

-राम कुमार टोप्पो, विधायक सीतापुर

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण करने दिए निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवेदकों से चर्चा कर उनकी शिकायतों का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्रतानुसार निराकरण किया जाए तथा प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता दी जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। जनदर्शन के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





# डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू'का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा


'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल'का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी को दिए 50 से ज्यादा हिट शोज

**नई दिल्ली।** दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।




# प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं। यह फोटो दिखाती है कि दोनों साथ में कितना अच्छा समय बिता रहे हैं।



# हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

**नई दिल्ली।** सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'



# या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश...

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूजिक में, बल्कि वीडियो के विजुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विजुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूजिक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं।

## टीवी मसाला



# जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार

**नई दिल्ली।** देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं। दरअसल, जाकिर के आखिरी शो में पिता ने सरप्राइज एंट्री मारी और बेटे के शो का अंत किया। जाकिर खान का शो एसवीपी डोम स्टेडियम में हुआ था, जिसके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शो खत्म होने से कुछ ही पल पहले जाकिर खान के पिता अचानक स्टेज पर आते हैं। पिता को देख जाकिर भावुक हो गए और उन्हें गर्मजोशी से गले लगा लिया। दोनों के इस दिल को छू लेने वाले पल को देख दर्शकों से खचाखच भरा स्टेडियम जोरदार तालियों और चियर्स से गूंज उठा। जाकिर खान के पिता मशहूर सितारवादक उस्ताद इस्माइल खान हैं। उन्होंने बेटे के आखिरी शो को एक शानदार और भावुक अंत दिया, जिसे देख हर किसी का दिल पिघल गया। जाकिर खान के भी आंसू छलक पड़े। यह सरप्राइज और भी खास इसलिए बन गया क्योंकि यह फादर्स डे के मौके पर था। फैंस जाकिर के पिता की परफॉर्मेंस का क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं और उनका कहना है कि फादर्स डे पर जाकिर के पिता का उनके आखिरी शो में सितार बजाने से ज्यादा इमोशनल कुछ था।

## सुनील का समय पर चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना इन दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' को लेकर चर्चा में हैं। सुनील पाल ने समय रैना के उस भद्दे मजाक का करारा जवाब दिया है, जब उन्होंने कपिल शर्मा के शो पर



सवाल किया था- आप ब्रश क्यों नहीं करते? अब सुनील पाल ने उसी अंदाज में उन्हें तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील और समय का आमना-सामना हुआ था, जब सुनील ने समय की कॉमेडी शैली पर अपनी आपत्ति जताई थी। इसी शो का वो क्लिप दिखाया गया है जिसमें समय सुनील पाल से समय कहते दिख रहे हैं- मुझे आपसे कोई दिक्कत नहीं सर, बस एक ही है, आप ब्रश क्यों नहीं करते हैं?' उन्होंने समय रैना पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पुराने अंदाज में कहा, 'मैं तुम्हें समय रैना सिर्फ इसलिए माफ करता हूं क्योंकि तुम्हारा शो रात में आता है और तुम्हारे नाम का मतलब ही रात है।

# अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...




**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस, मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।

# 27 साल पुराने सॉन्ग को सुन आ जाता है 'प्यार का मौसम' अलका ने मनहार संग मिलकर गाया था कल्ट गाना

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्हें नाम और पहचान तो खूब मिली लेकिन वक्त के साथ उन्हें भुला दिया गया। किसी स्टार ने पर्दे पर हीरो बनकर दिल जीता तो किसी ने अपनी गायिकी से लोगों को अपना दीवाना बनाया। एक ऐसे ही सिंगर सिनेमा में आए जिनके भाई की आवाज ने लोगों को खूब इमोशनल किया तो वहीं इनकी आवाज भी दशकों तक सुनी जाती रही और इन्हीं का एक गाना इतना कल्ट हुआ कि जिसे आज भी लोग खूब सुनते हैं।

***कौन सा है वो गाना? :*** अब यूं तो इस दिग्गज सिंगर के कई गाने हिट रहे, लेकिन एक ऐसा गाना भी आया, जिसने आशिकों के दिलों पर खूब राज किया और इस गाने का नाम है मौसम। जी हां, साल 1999 में आई फिल्म 'जानवर' का गाना 'मौसम की तरह तुम भी बदल तो ना जाओगे' वही गाना था, जिसने लोगों के दिलों में प्यार की एक नई बहार पैदा की थी। इस गाने को आज भी सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते हुए देखा जाता है। गाने में अक्षय कुमार और करिश्मा कपूर नजर आए थे। अक्षय और करिश्मा की केमिस्ट्री इस गाने में काफी पसंद की गई थी और यह गाना उन कल्ट गानों में से है, जो अक्सर ट्रकों में सुनाई दे जाता है।





## पंकज उदास के बड़े भाई ने दी आवाज

इस गाने को अलका याज्ञनिक और मनहार उदास ने साथ में मिलकर गाया था। गाने की शुरुआत अलका की आवाज से होती है। उस दौर में अलका लगभग हर दूसरे गाने की आवाज बना करती थीं। वहीं, अक्सर लोगों को लगता है कि इस गाने को कुमार सानू या उदित नारायण ने आवाज दी थी, लेकिन असल में गाना पंकज उदास के बड़े भाई मनहार उदास ने गाया था।

## आनंद-मिलिंद ने दिया था संगीत

उनकी आवाज में यह गाना खूब पसंद किया गया। हालांकि, उस दौर में मनहार उदास के कई गाने ऐसे थे, जो खूब पसंद किए गए थे और यह गाना उन्हीं में से एक था। इस गाने का संगीत आनंद-मिलिंद ने दिया था तो वहीं इसे समीर ने लिखा था। आपको बता दें कि फिल्म 'जानवर' को सुनील दर्शन ने बनाया था और फिल्म में करिश्मा-अक्षय के साथ कादर खान, शिल्पा शेट्टी और कई सितारे नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

## दमदार किरदार से यादगार डॉयलाग्स तक...

# बुलंद आवाज के बल पर अमरीश बने भारतीय सिनेमा के सबसे पॉपुलर विलेन

*नई दिल्ली। अमरीश पूरी ने अपने कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की थी। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई साल तक नौकरी की। 80 के दशक में फिल्मों में आने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने बेहतरीन अभिनय और बुलंद आवाज से उन्होंने खलनायकों को हिंदी सिनेमा में एक खास पहचान दिलवाई।*

## किरदारों से बनाई अलग पहचान

कभी किसी गुफा जैसे अड्डे में बैठकर दुनिया जीतने का सपना देखने वाला मोगैंबो, कभी रेगिस्तान की हवेली में आतंक का दूसरा नाम बना ठाकुर दुर्जन सिंह, तो कभी 'जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी'कहकर करोड़ों दिलों को भावुक कर देने वाला एक पिता। अमरीश पुरी सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदे कलाकारों में से थे, जिन्होंने हर किरदार को अपनी मौजूदगी से यादगार बना दिया। उनकी गूंजती हुई आवाज, आंखों में उतरता खौफ और स्क्रीन पर छा जाने वाला व्यक्तित्व ऐसा था कि कई बार दर्शक फिल्म के हीरो से ज्यादा उनके किरदार को याद रखते थे। आइए उनके जन्मदिन पर नजर डालते हैं अमरीश पुरी के कुछ ऐतिहासिक किरदार और डॉयलाग्स पर।

## मोगैंबो- मिस्टर इंडिया

गोल्डन मिलिटरी यूनिफॉर्म, रहस्यमयी अड्डा और दुनिया पर राज करने का सपना। मोगैंबो भारतीय सिनेमा का शायद सबसे पॉपुलर विलेन है। अमरीश पुरी ने इस किरदार को जिस अंदाज में जिया, उसने उसे फिल्मी इतिहास का हिस्सा बना दिया। आज भी 'मोगैंबो खुश हुआ' सुनते ही सबसे पहले उनका चेहरा सामने आ जाता है।



## बलवंत राय- घायल

पैसे और सत्ता के नशे में चूर बलवंत राय उस दौर के सबसे ताकतवर खलनायकों में से एक था। यह किरदार सिर्फ हिंसक नहीं था, बल्कि व्यवस्था की उस सच्चाई को भी दिखाता था, जहां दौलत और ताकत कानून से ऊपर नजर आते हैं। अमरीश पुरी की दमदार एक्टिंग ने इस किरदार को यादगार बना दिया।

## मोला राम- इंडियाना जोन्स एंड दी टेंपल ऑफ डूम

हॉलीवुड की दुनिया में अमरीश पुरी की पहचान मोला राम से बनी। रहस्यमयी धार्मिक रिवाज, डरावनी पर्सनालिटी और खौफनाक आंखें। यह किरदार आज भी वर्ल्ड सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायकों में गिना जाता है। इस भूमिका ने अमरीश पुरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई।

## अशरफ अली- गदर एक प्रेम कथा

गदर में अमरीश पुरी ने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया जो अपनी बेटी और अपने देश के बीच उलझा हुआ था। अशरफ अली पूरी तरह से खलनायक नहीं था, लेकिन कहानी में उसका विरोधी पक्ष इतना मजबूत था कि वह फिल्म के सबसे यादगार पात्रों में शामिल हो गया।

## ठाकुर दुर्जन सिंह- करण अर्जुन

रेगिस्तान की धूल, हवेली की ऊंची दीवारें और बदले की आग। करण अर्जुन का ठाकुर दुर्जन सिंह बेरहमी का दूसरा नाम था। अमरीश पुरी ने इस किरदार में ऐसा आतंक पैदा किया कि दर्शक उसकी मौत का इंतजार करते रहे। फिल्म की पूरी कहानी उसी के अत्याचारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

## जनरल डोंग- तहलका

डोंग इज नेवर रॉन्ग कहने वाला जनरल डोंग 90 के दशक के सबसे मनोरंजक और पॉपुलर खलनायकों में से एक था। उसकी अजीबोगरीब हंसी, अतरंगी अंदाज और तानाशाह पर्सनालिटी ने उसे दर्शकों के बीच कल्ट स्टेटस दिलाया।

## खबर संक्षेप

### नई तकनीकों से जुड़े किसान कृपाल

**बैकुण्ठपुर**। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नैनो डीएपी और नैनो यूरिया जैसे उन्नत उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देकर खेती को अधिक उत्पादक, किफायती और टिकाऊ बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज एवं उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होने से किसानों को खेती की तैयारियों में सुविधा मिल रही है और वे नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। कोरिया जिले के ग्राम आनी निवासी कृपाल सिंह (50 वर्ष) खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अपनी तीन एकड़ कृषि भूमि के लिए वे आदिम जाति सहकारी समिति धौराटिकरा पहुंचे, जहां से उन्होंने खेती की आवश्यकता के अनुसार यूरिया, डीएपी, राखड़, धान बीज, मूंग बीज तथा नैनो यूरिया प्राप्त की। कृपाल सिंह ने बताया कि कृषि विभाग एवं सहकारी समिति के माध्यम से उन्हें नैनो उर्वरकों की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने इस वर्ष अपनी फसल में नैनो यूरिया के उपयोग का निर्णय लिया है।

### मछली पालन बना ग्रामीण विकास, रोजगार का आधार

**बैकुण्ठपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी किसानों से खेती को केवल धान उत्पादन तक सीमित न रखते हुए दलहन, तिलहन, उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन जैसे आयवर्धक व्यवसायों को अपनाने का आह्वान किया है। आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण के माध्यम से मत्स्य क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं सृजित हो रही हैं। यदि किसान और इच्छुक हितग्राही इन योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं, तो वे अपने नजदीकी मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मछली पालन न केवल आय बढ़ाने का साधन है, बल्कि आत्मनिर्भर और समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### लोकसेवक केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मजबूत प्रहरी

**मनेन्द्रगढ़**। हर वर्ष 23 जून को विश्वभर में संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन लाखों लोक सेवकों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को सम्मानित करने का अवसर है, जो बिना किसी विशेष पहचान या प्रचार की अपेक्षा के प्रतिदिन समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, पुलिसकर्मी, पंचायत एवं नगरीय निकायों के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारी ही वह आधारशिला हैं, जिनके प्रयासों से शासन की नीतियां और योजनाएं धरातल पर साकार होती हैं। लोक सेवकों का कार्य केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं होता। वे गांवों में किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाते हैं, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में योगदान देते हैं, अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाते हैं, कानून-व्यवस्था बनाए रखते हैं, आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों का संचालन करते हैं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच सुनिश्चित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि उन अनगिनत लोक सेवकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जो अपने समर्पण और सेवा भावना से लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। वे विकास के ऐसे मौन शिल्पकार हैं, जिनकी मेहनत से योजनाएं कागज से निकलकर लोगों के जीवन में बदलाव का माध्यम बनती हैं।

### राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**बैकुण्ठपुर**। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेर्शानुसार जिले के सभी राशन कार्डधारी परिवारों से 15 जुलाई 2026 तक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की गई है।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



बैठक लेती कलेक्टर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विभिन्न विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण आवश्यक है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न बनकर वास्तविक समाधान आधारित होना चाहिए। यदि कोई आवेदन संबंधित विभाग से जुड़ा नहीं है तो आवेदक को सही जानकारी उपलब्ध कराकर उसकी समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन के लिए केवल शिकायत का माध्यम नहीं, बल्कि समाधान का भरोसेमंद मंच बनना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत 18 से 20 जून तक आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। खरीफ सीजन को देखते हुए खाद की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को किसानों तक समय पर खाद पहुंचाने के लिए वितरण प्रक्रिया में गति लाने तथा इसकी नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण वितरण में भी प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को चरचा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेकर त्योहार के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक आशा सेन, थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद होनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नीरज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, पार्षद धर्मपाल सहित अंजुमन इस्लामिया कमेटी के प्रतिनिधि सोलह अहमद, नौशाद अहमद, अकरम, सरफराज, दाऊद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून को जामा मस्जिद से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, जो राजीव गांधी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए विवेकानंद कॉलोनी तक पहुंचेगा और वहीं संपन्न होगा। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि जुलूस के दौरान पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन में उपयोग किए जाने वाले सभी हथियार केवल डमी प्रतीकात्मक हथियार होंगे, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान की संभावना नहीं रहेगी। साथ ही जुलूस के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाएगा। उपस्थित अधिकारियों ने त्योहार को भाईचारे, शांति और सामाजिक एकता के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और मानवता के संदेश को याद करने का अवसर भी है।

# कलेक्टर ने एक-एक आवेदक से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्या, एवं मांगें गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का विभागवार परीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जनदर्शन के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रूस में एमबीबीएस कोर्स के लिए दाखिला दिलाने के नाम 3.22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ विश्रामपुर थाने में की गई शिकायत

नगर के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कराने के नाम पर 3.22 लाख रुपये की ठगी किए जाने की शिकायत बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई है।

प्रार्थी राजेंद्र बहादुर केसी जो बिश्रामपुर डीएवी विद्यालय में गार्ड के पद पर कार्यरत हैं, ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी की सहेली के माध्यम से पुणे स्थित ड्रीम फ्लाई एजुकेशन कंसल्टेशनस से संपर्क हुआ। संस्था के डायरेक्टर डॉ शशीर डोंगरे और उनके सहायक यश ने रूस में एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने का भरोसा दिया। आवेदन के अनुसार पहले एडमिशन शुल्क के नाम पर 60 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद वीजा, प्रक्रिया शुल्क और रूस पहुंचने पर होने वाले खर्च के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 3 लाख 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने बताया कि 16 नवंबर 2025 को उसकी बेटी नेपाल के काठमांडू एयरपोर्ट से रूस जाने के लिए पहुंची, लेकिन इमिग्रेशन में दस्तावेजों की कमी बताकर उसे रोक दिया गया। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने कुछ दिनों में पैसे वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक न तो बेटी का रूस में प्रवेश हो सका और न ही जमा की गई राशि वापस की गई। पीड़ित ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए बिश्रामपुर थाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



राज्य शासन द्वारा विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सहभागी बनाने के उद्देश्य से जारी नए दिशा-निर्देशों के तहत सेजेस चरचा में सोमवार 22 जून को विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। यह समिति अब विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के स्थान पर कार्य करेगी और प्रारंभिक स्तर से लेकर कक्षा 12वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी एवं मार्गदर्शन का दायित्व संभालेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समिति का गठन किया गया। प्राचार्य बिजेंद्र मानिकपुरी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप गठित इस समिति में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं संरक्षक, स्थानीय प्राधिकरण के प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी तथा वंचित एवं कमजोर वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि विद्यालय के समग्र विकास में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि समिति में 20 से 25 सदस्य शामिल किए गए हैं तथा शासन की मंशा के अनुरूप 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे विद्यालय प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और शिक्षा से जुड़े निर्णय अधिक समावेशी एवं प्रभावी बन सकेंगे। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति समय-समय पर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अधोसंरचना विकास, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव और सहयोग प्रदान करेगी। समिति विद्यालय और समुदाय के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन से विद्यालय संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी, अभिभावकों की भागीदारी मजबूत होगी तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार होगा।

### महामाया पहाड़ श्रृंखला के संरक्षण के लिए हो प्रभावी कार्रवाई

**अम्बिकापुर**। महामाया पहाड़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अम्बिकापुर प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंप सोनपुर से लालमाटी तक फैली महामाया पहाड़ श्रृंखला को पर्यावरणीय एवं जैव विविधता संरक्षण करने के साथ ही इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाने की मांग की है। समिति के निलेश सिंह ने बताया कि ग्राम सोनपुर से खैरबार , क्रांतिप्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर एवं लालमाटी तक लगभग 12 किमी में फैली महामाया पहाड़ की श्रृंखला पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस मिश्रित वनक्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के वन्य जीव-जंतु एवं पक्षी पाए जाते हैं साथ ही इमारती एवं फलदार पौधों की भी प्रचुरता है। यह क्षेत्र भूजल संरक्षण, स्वच्छ वायु, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। इस पर्वत श्रृंखला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए क्षेत्र का पर्यावरणीय एवं जैव विविधता का व्यापक सर्वेक्षण कराने, पर्वत श्रृंखला को पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित घोषित करने, वन्य जीवों के संरक्षण हेतु विशेष योजनाएं बनाने, जलस्त्रोत, पहाड़ी नालों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है।

# छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**अंबिकापुर**। नाबालिग से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। नाबालिग से जबरन छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने विभिन्न धाराओं के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया किशोरी का सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 19 वर्षीय आसिफ अंसारी आ. अबकर अंसारी से परिचय हुआ था और दोनों के बीच बातचीत होती थी लेकिन बाद में आरोपी नाबालिग पर गलत नियत रखने लगा जिससे छात्रा ने उससे बात चीत बंद दिया। इस दौरान 8 जून 2023 को भोर में 5 बजे किशोरी घूमने के लिए निकली थी। इस दौरान आरोपी आसिफ अंसारी ने उसे पकड़ लिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब किशोरी ने उसका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की। भोर का समय होने के कारण उसकी आवाज कोई नहीं सुन पाया। घटना के बाद किशोरी घर गई और खुद को कमरे में बंद कर लिया था। इधर देर शाम जब किशोरी का पिता काम से वापस लौटा तो मां ने बताया कि उसकी बेटी ने खुद को सुबह से कमरे में बंद करके रखा हुआ है। किसी तरह समझाइश देकर पिता ने दरवाजा खुलवाया तो किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस मामले में परिजन ने घटना की शिकायत सीतापुर पुलिस से की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 22 जून को इस प्रकरण की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के समक्ष हुई।

### योग दिवस पर महिलाओं ने दिया स्वास्थ्य का संदेश

**प्रतापपुर**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के स्थानीय सामुदायिक भवन में महिलाओं ने उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। सुबह आयोजित विशेष कार्यक्रम में नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम और व्यायाम किए। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में महिलाओं ने शरीर और मन को स्वस्थ रखने वाले अनेक योग अभ्यास किए तथा योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि प्रतापपुर में योग केवल योग दिवस तक सीमित नहीं है। नगर की सैकड़ों महिलाएं पूरे वर्ष प्रतिदिन सुबह 5 बजे स्थानीय सामुदायिक भवन में एकत्र होकर नियमित योगाभ्यास करती हैं। वर्षों से चल रही इस पहल ने अनेक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

### पत्रकारिता कॉलेज खोलने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर**। एनएसयूआई सरगुजा ने जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार शाम मुलाकात कर सरगुजा जिले में शासकीय पत्रकारिता महाविद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सरगुजा संभाग में वर्तमान समय तक पत्रकारिता की उच्च शिक्षा के लिए कोई शासकीय महाविद्यालय उपलब्ध नहीं है। इसके कारण पत्रकारिता की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों को रायपुर, बिलासपुर एवं अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री से मांग की कि सरगुजा जिले में शीघ्र शासकीय पत्रकारिता महाविद्यालय की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही संभाग में गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता शिक्षा प्राप्त हो सके तथा युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलें। एनएसयूआई अध्यक्ष के नेतृत्व में गये प्रतिनिधि मंडल से चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री ने इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है।

# सीएसआईआर यूजीसी नीट और विश्वविद्यालय परीक्षा की तिथियों में टकराव, यादव ने हस्तक्षेप की मांग की

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

छात्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को लेकर सांसद प्रतिनिधि एवं एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष निखिल यादव ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर के कुलपति एवं छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर सीएसआईआर यूजीसी नीट 2026 और विश्वविद्यालय परीक्षाओं की तिथियों में हो रहे टकराव को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

पत्र में निखिल यादव ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सीएसआईआर यूजीसी नीट परीक्षा आगामी 17 एवं 18 जुलाई 2026 को निर्धारित है। वहीं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा समय-सारणी के अनुसार एमएससी केमेस्ट्री चतुर्थ सेमेस्टर के ट्राइबल स्टडीज (कोड-409) विषय की परीक्षा 17 जुलाई को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। इसी दिन सीएसआईआर यूजीसी नीट की प्रथम पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। ऐसे में परीक्षा समय में टकराव होने से विद्यार्थियों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। निखिल यादव ने कहा कि सीएसआईआर यूजीसी नीट देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा है, जिसके माध्यम से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ), असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता और पीएचडी प्रवेश का मार्ग प्रशस्त होता है। ऐसे में परीक्षा तिथियों का टकराव विद्यार्थियों के शैक्षणिक और शोध भविष्य को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि सीएसआईआर यूजीसी नीट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा अथवा वैकल्पिक परीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी छात्र को राष्ट्रीय परीक्षा में शामिल होने के कारण शैक्षणिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि छात्रहित सर्वोपरि है और विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# शराब पीने से मना करने पर आक्रोशित युवकों ने की ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

■ देवगुडी के समीप मिला था शव, दो गिरफ्तार, दोस्त निकला पिता का हत्यारा

बड़े भाई के घर में शराब पीने से मना करने विवाद करने पर पिटाई से नाराज युवकों ने ग्रामीण की हत्या कर दी। आरोपियों ने लकड़ी के गेंडा व फाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट से घायल ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

बता दें कि 21 जून की सुबह बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी 55 वर्षीय संतलाल उर्फ बिरहा आ. भगवन पैंकरा का शव बंधवा टिकरा में बढ़वा गुड़ी स्थल के पास औंधे मुंह पड़ा मिला था और उसके सिर व शरीर से खून निकला था। मौके पर कड़ी का गेंड़ा, लकड़ी फाड़ी, तथा कुछ दूर में मृतक संतलाल का मोबाईल व टांगी पड़ा था। ग्रामीण का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। मृतक के भाई बिंद्रा राम ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। इस दौरान यह बात सामने आई कि 19 जून को संतलाल का पुत्र दिनेश अपने दोस्त जानचन्द के साथ मृतक के बड़े भाई बिंद्रा के घर में बैठकर शराब पी रहा था। घर में बैठकर शराब पीने पर संतलाल ने आपत्ति जताते हुए फटकार लगाई थी जिससे आक्रोशित होकर जानचन्द ने संतलाल को 3-4 थप्पड़ मार दिया था। ऐसे में संतलाल ने भी टांगी के बेंत से जानचन्द की पिटाई करी थी लेकिन बाद में दोनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। शराब पीने से मना करने और मारपीट से आक्रोशित जानचन्द 21 जून की रात अपने दोस्त सुखऊ के साथ संतलाल को खोजते हुए आया था और मिलने पर जान से मारने की बात कहते हुए गाली गलौज की थी। दोनों युवक संतलाल को खोजने निकल गए थे। पुलिस ने मामले में बतौली पोकसरी निवासी 23 वर्षीय जानचन्द आ. रघन सिंह व 24 वर्षीय सुखऊ राम आ. महावीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने देवगुड़ी में पूजा कर रहे बुजुर्ग पर पीछे से लकड़ी का गेंड़ा, लकड़ी फाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर ली।

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch
Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त